मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# मांझे से राजस्व निरीक्षक व भाजपा कार्यकर्ता घायल

## एनेक्सी भवन के पास चपेट में आए राजस्व निरीक्षक का कान कटा, मलिहाबाद में भाजपा कार्यकर्ता की गर्दन में हुआ घाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट और मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद भी पुलिस प्रशासन मांझे की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। हजरतगंज स्थित एनेक्सी भवन के पास रविवार को मांझे से नगर निगम जोन-आठ के राजस्व निरीक्षक राजा भइया कान कट गया। उनकी आंख बाल-बाल बच गई। घायल हालत में उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

वहीं, मलिहाबाद के सहिलामऊ में रविवार शाम को चाइनीज मांझे से बाइक सवार भाजपा कार्यकर्ता की गर्दन कट गयी। खून से लथपथ घायल को साथी ने अस्पताल पहुंचाया। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। राजा भइया ने


राज रावत


राजस्व निरीक्षक राजा

बताया कि रविवार शाम वह नगर निगम जोन-8 कार्यालय से लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय फाइल लेकर बाइक से जा रहे थे। इसी बीच एनेक्सी भवन के पास चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझा उनके कान में फंस गया। खिंचाव से दाहिने कान का ऊपरी हिस्सा कट गया।

रगड़ कनपटी पर भी लगी हालांकि आंख बाल-बाल बच गई। ब्रेक मारने से बाइक अनियंत्रित हो गई। किसी तरह घायल हालत में उन्होंने बाइक संभाली। कान से खून निकलता देख राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना मिलते ही नगर निगम कर्मचारी और हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में राजस्व निरीक्षक राजा भइया को सिविल अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मांझा बांधकर पतंग उड़ाने वाले की तलाश में दो टीमें गठित की गई हैं।

वहीं, काकोरी क्षेत्र के सेमरामऊ गांव निवासी राज रावत रविवार शाम अपने साथी कुसमी गांव निवासी रितेश के साथ बाइक से पुरनिया इलाके में इको कार का टॉयर लेने गए थे। टॉयर लेने के बाद दोनों वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में हरदोई रोड स्थित दुर्गागंज पहुंचने पर वे बाइक में पेट्रोल भरवाने रहमानखेड़ा की तरफ जा रहे थे। तभी रास्ते में अचानक चाइनीज मांझा राज रावत की गर्दन में फंस गया, जिससे उनकी गर्दन कट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद साथी रितेश ने राज को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनका इलाज शुरू किया।

रितेश ने बताया कि राज रावत भलिया गांव के भाजपा से सेक्टर संयोजक है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक के बावजूद इसका इस्तेमाल हो रहा है, जिससे आए दिन ऐसे हादसे सामने आ रहे हैं। पुलिस और प्रशासन से इस पर सख्ती करने की मांग की जा रही है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर ने बताया कि घटनास्थल मलिहाबाद है। अगर शिकायत मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पहले भी हुए हैं हादसे

- **22 मार्च :** वजीरगंज के गोलागंज में मांझे से छह वर्षीय अबीरा फातिमा का गला और उंगली कटी।
- **18 मार्च :** पुरनिया फ्लाईओवर पर नवमी लाल उर्फ राम नयन कला का गला और चेहरा कटा। पत्नी का पैर टूट गया और बेटी भी घायल।
- **05 मार्च :** हुसैनगंज ओवरब्रिज पर मांझे से पशु पालकर्मी राम खिलावन व प्रणव यादव घायल।
- **25 फरवरी :** नक्खास ओवर ब्रिज पर केजीएमयू के रेजिडेंट डॉक्टर दीपक गुप्ता घायल।
- **22 फरवरी :** हसनगंज रामाधीन इंटर कॉलेज के पास मांझे से कटा युवक का गला।
- **14 फरवरी :** हुसैनगंज ओवरब्रिज पर पत्नी व बेटी संग जा रहे मो. मुशर्रफ की गर्दन कटी।
- **13 फरवरी :** कैंट में ध्रुव नारायण पांडेय कैंट इलाके में मांझे से घायल हुए।
- **08 फरवरी :** ठाकुरगंज में मांझे से पोर्टर गुड्डू की नाक कटी।
- **08 फरवरी :** नाका फ्लाईओवर पर मांझे की चपेट में आने के मुकेश की भौं कटी।
- **08 फरवरी :** हीवेट रोड पर मांझे से छात्र आकिब घायल।

## पति समेत चार पर पिटाई की रिपोर्ट

**अमृत विचार, मालः** थाना क्षेत्र के टिकरी कला गांव निवासी शीलू ने पति गोविंद सिंह, सास जयदेवी, देवर छोटू सिंह व नंद शिवानी पर गाली गलौज, मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। शीलू ने बताया कि उसका विवाह लगभग बीस वर्ष पूर्व गोविंद के साथ हुआ था। उनके दो बच्चे हैं।

आरोप है कि गोविंद सिंह आए दिन नशे में पीटता है। बचाने आने पर बच्चों को भी मारता है। पति व उसके घरवाले खाना और दवा तक नहीं देते हैं।

तीन सप्ताह पूर्व देवर छोटू सिंह ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पिटाई कर दी, जिससे शीलू का हाथ टूट गया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को पीटा, काटा दांत, नोचा चेहरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रहीमाबाद के गौंदा गांव में दरवाजे के सामने पानी गिरने के विवाद में दंपति ने पड़ोसी महिला को जमकर पीटा। दांत से काटने के साथ ही नाखून से चेहरा नोच डाला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मुअज्जम नगर गौंदा निवासी मीना ने बताया कि उनकी बेटी से शनिवार सुबह दरवाजे के पास पानी गिर गया था। इस पर पड़ोसी छाया और उनके पति रघुवीर ने गाली-गलौज की। विरोध पर छाया ने डंडे से पिटा। मीना ने बताया कि बेटी को बचाने दौड़ी तो छाया और रघुवीर ने उन्हें भी पीटा। छाया ने दांत से चेहरे पर काट लिया। नाखून से चेहरे पर नोंचा। हमले में वह लहूलुहान हो गई। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दरगाह में दानपात्र तोड़कर की चोरी

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र के अमेठी चौकी के पास स्थित दरगाह में रखे दानपात्र 26 मार्च की रात चोरों ने तोड़कर 25 हजार रुपये चोरी कर लिया। यही नहीं चोर ने वहां लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गयी तो एक आरोपी की करतूत कैद मिली। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी सूफियान निवासी मोहल्ला पटवन टोल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हाफिज अब्दुल शकूर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दुकान का शटर तोड़कर जेवर चोरी

**अमृत विचार, हरदोई :** कोतवाली क्षेत्र के खेड़ा तिराहा के पास चोरों ने शनिवार रविवार की मध्य रात्रि करीब दो बजे खुशी ज्वेलर्स की दुकान के शटर का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपए के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। खुशी ज्वेलर्स के मालिक अंकुर यादव ने बताया शाम को वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। सुबह एक ग्राहक को थोड़ा सामान देना था इसलिए लगभग छह बजे वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ था और एक शटर उठा हुआ पाया। उसे आभास हो गया कि उसके यहां चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। तत्काल उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। अंकुर यादव ने बताया 200 ग्राम सोना और चांदी सहित लगभग ढाई लाख रुपए का जेवर ले जाने में चोर सफल रहे। 100 मीटर की दूरी पर आसाराम कबाड़ी के यहां भी एक दिन पहले चोरों ने हाथ साफ कर दिया था।

# नाबालिग की उम्र पता करने के लिए चिकित्सीय जांच गैरकानूनी: हाईकोर्ट

लखनऊ, एजेंसी।

### आयु प्रमाणपत्र का मामला



इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि स्कूल, शिक्षा परिषद, नगर निगम, नगरपालिका या पंचायत के आयु संबंधी प्रमाणपत्र उपलब्ध होने की स्थिति में किसी नाबालिग की उम्र तय करने के लिए उसकी चिकित्सकीय जांच कराना गैरकानूनी है। कोर्ट ने यह फैसला सुनाते हुए किशोर न्याय बोर्ड और विशेष पॉक्सो अदालत के आदेशों को रद्द कर दिया और नाबालिग लड़के को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति मनीष कुमार की पीठ ने शनिवार को एक नाबालिग आरोपी द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका पर यह आदेश पारित किया। मामले के मुताबिक पिछले साल 11 मार्च को प्रतापगढ़ जिले के लीलापुर थाने में एक नाबालिग लड़के पर 15 साल की लड़की के साथ छेड़छाड़ करने और उसे धमकाने के आरोप में बाल यौन संरक्षण (पॉक्सो), अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। नाबालिग याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गयी थी कि घटना के समय उसकी उम्र 16 साल से कम थी। आरोपी के हाई स्कूल के प्रमाणपत्र में उसकी जन्मतिथि एक जनवरी 2010 बताई गई थी, जबकि उसके प्राथमिक विद्यालय के रिकॉर्ड में उसकी जन्मतिथि 13 मई 2009 दर्ज थी लेकिन इसके बावजूद किशोर न्याय बोर्ड ने उसकी उम्र तय करने के लिए चिकित्सीय जांच का आदेश दिया था, जिसे प्रतापगढ़ की विशेष अपीलीय अदालत ने भी सही ठहराया था। इन दोनों आदेशों को हाईकोर्ट में दायर एक पुनर्विचार याचिका के जरिये चुनौती दी गई थी जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 94 के अनुसार उम्र तय करने के लिए सबसे पहले स्कूल या बोर्ड के प्रमाणपत्र पर विचार किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि स्कूल या बोर्ड के बाद नगर निगम, नगरपालिका या पंचायतों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्रों पर विचार किया जाना चाहिए। केवल इन दस्तावेजों की अनुपस्थिति में ही चिकित्सीय जांच की जा सकती है। कोर्ट ने पाया कि उपलब्ध दोनों दस्तावेजों से यह साबित होता है कि आरोपी याचिकाकर्ता नाबालिग था और इसलिए मेडिकल जांच का आदेश देना कानून के खिलाफ था। अदालत ने नाबालिग याचिकाकर्ता को सशर्त जमानत देते हुए निर्देश दिया कि वह एक साल तक हर महीने की 10 तारीख को अपने अभिभावक के साथ जिला परिवीक्षा अधिकारी के सामने पेश हो और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि से दूर रहे।

## अश्लील हरकतें करने वाला युवक गिरफ्तार

**अमृत विचार, हरदोईः** क्षेत्र में महिलाओं से अश्लील हरकतें कर फब्तियां कसने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

घटना उस समय सामने आई जब पुलिस टीम गश्त पर थी। उपनिरीक्षक अजय तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि हरदोई मार्ग पर गश्त के दौरान एक युवक राह चलती महिलाओं और लड़कियों पर अश्लील गाने गाकर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को मौके पर ही पकड़ लिया।

आरोपी ने अपना नाम रामचंद्र निवासी बिराइचमऊ थाना सांडी बताया, लेकिन वह अपनी पहचान के लिए कोई वैध दस्तावेज, स्तुत नहीं कर सका। कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अश्लीलता फैलाने और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# थम नहीं रहा कच्ची शराब का अवैध कारोबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कच्ची शराब के साथ पुलिस की टीम। फाइल फोटो

**अमृत विचारः** शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में कच्ची शराब का अवैध कारोबार लगातार पैर पसारता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस अवैध गतिविधि में महिलाएं भी पुरुषों के साथ सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

पहले जहां कच्ची शराब का निर्माण घरों के भीतर ही किया जाता था, वहीं अब आबकारी विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए कारोबारियों ने अपनी रणनीति बदल ली है। गांवों के आसपास स्थित झाड़ियों, खेतों और सुनसान स्थानों को शराब बनाने के नए अड्डों के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे प्रशासन के लिए इन गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

गोसाईगंज, मोहनलालगंज, माल, रहीमाबाद, निगोहां, काकोरी, बंथरा और नगराम जैसे क्षेत्रों के कई गांव इस अवैध कारोबार के केंद्र बन चुके हैं। आबकारी विभाग की टीम ने इन इलाकों में कई बार छापेमारी कर भट्ठियां नष्ट की हैं और बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद कर उसे नष्ट किया है। इसके बावजूद कुछ ही दिनों में दोबारा उत्पादन शुरू हो जाता है, जिससे विभाग की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे हैं। जहरीली शराब से हादसों की आशंका बनी रहती है, लेकिन इसके बावजूद लोग जोखिम उठाने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

- अवैध कारोबार में बढ़ रही महिलाओं की संख्या

> जहां भी अवैध कच्ची शराब की सूचना मिलती है, वहां तुरंत कार्रवाई की जाती है और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। आबकारी विभाग लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश दे रहा है।
>
> **-करूणेन्द्र सिंह,** जिला आबकारी अधिकारी

# झाला नोच कर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता, हरदोई


पुलिस गिरफ्त में बदमाश।

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने 18 फरवरी को बाइक सवार महिला के झाला नोच कर भागने वाले इनामियां बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए बदमाश के पास से लगभग साढ़े छह हजार रुपए की नकदी बरामद हुई है।

पाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पटिया नीम निवासी रंजन कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार के अनुसार 28 फरवरी को शाहाबाद थाना क्षेत्र के आगमपुर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी पत्नी के कान से झालेले नोच लिए और फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट वादी द्वारा दर्ज कराई गई। पुलिस ने राम प्रताप पुत्र रामपाल निवासी ग्राम पन्योरा कौरिया कलां थाना कांट जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए बदमाश के पास से 6760 की नकदी बरामद हुई। आरोपी ने 24 नवंबर 2025 को पिहानी में भी एक छिनैती की घटना स्वीकार की है।

### युवती ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

**अमृत विचार , उन्नाव :** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मौलाबाकीपुर गांव निवासी मैकूलाल की 20 वर्षीय बेटी रीमा का शव घर से 400 मीटर दूर आम के बाग में दुपट्टे से लटका देख ग्रामीणों ने परिजनो को सूचना दी। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के भाई अजीत ने रविवार को बताया कि छोटी बहन ने 5 माह पूर्व लखनऊ जिले के मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बेलगड़ा गांव निवासी युवक के साथ मंदिर में शादी की थी उसके बाद पति के साथ रहने लगी थी।

# रहीमाबाद के हेपेटाइटिस-बी जांच मामले में जिम्मेदारी तय करने में देरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोहिया संस्थान की सभी रिपोर्ट पॉजिटिव
- केजीएमयू की जांच में केवल 4 संक्रमित
- स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

अमृत विचार : रहीमाबाद के मुंशीखेड़ा में आयोजित रक्तदान शिविर से जुड़े हेपेटाइटिस-बी संक्रमण मामले में जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अलग-अलग संस्थानों की रिपोर्ट में बड़ा अंतर सामने आने के बावजूद अब तक जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकी है, जिससे पूरे प्रकरण में लीपापोती के आरोप लग रहे हैं।

24 फरवरी को संत निरंकारी समागम के तहत आयोजित शिविर में चार गांवों के 19 लोगों ने रक्तदान किया था। प्रारंभिक जांच बलरामपुर अस्पताल में कराई गई, जहां तीन रक्तदाताओं में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण पाया गया। इसके बाद नमूनों की जांच डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कराई गई, जहां सभी 19 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव बताई गई।

हालांकि, मामले ने नया मोड़ तब लिया जब दोबारा जांच के निर्देश पर नमूने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) भेजे गए। माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 15 नमूनों की जांच में केवल एक व्यक्ति संक्रमित पाया गया, जबकि 14 की रिपोर्ट निगेटिव आई। इसके बाद तीसरी बार केजीएमयू के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में न्यूक्लियर एसिड टेस्ट (नैट) तकनीक से जांच की गई, जिसमें लगभग 18 नमूनों में से केवल चार लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई।

तीनों स्तरों की जांच रिपोर्ट में इस तरह का बड़ा अंतर स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। विशेष रूप से लोहिया संस्थान में सभी नमूनों के पॉजिटिव आने को लेकर जांच की गुणवत्ता और प्रक्रिया पर संदेह गहरा गया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने पुनः जांच के निर्देश तो दिए, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर जवाबदेही तय करने या संबंधित संस्थान से स्पष्टीकरण मांगने की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की विरोधाभासी रिपोर्ट न केवल जांच प्रणाली की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं, बल्कि मरीजों के उपचार और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन को भी प्रभावित कर सकती हैं। फिलहाल, पूरे मामले में स्पष्ट जांच, जवाबदेही निर्धारण और पारदर्शिता की मांग तेज हो गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। वहीं, इस मामले में कोई भी जिम्मेदार अफसर कुछ भी बोलने से बच रहा है।

# रेलवे में नौकरी का झांसा देकर छह लाख ऐंठ लिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नौकरी न मिलने पर वापस मांगी रकम तो पीटा, दी धमकी
- ठाकुरगंज थाने में महिला समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचारः रेलवे में चतुर्थ श्रेणी पद पर नौकरी का झांसा देकर जालसाजों ने 6 लाख रुपये ठग लिए। रुपये मांगने पर मारपीट कर फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ति की शिकायत पर ठाकुरगंज पुलिस ने महिला समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि जांच की जा रही है।

ठाकुरगंज के तहसीनगंज स्थित रईसनगर निवासी कमाल हैदर ने बताया कि दोस्त मो. शादाब की पत्नी अफसाना ने धर्मेंद्र कुमार तिवारी से रेलवे अधिकारी बताकरमिलवाया। कई बार मुलाकात के बाद धर्मेंद्र ने बताया कि रेलवे में चतुर्थ श्रेणी पद पर भर्तियां निकली है। 12 लाख रुपये देकर नौकरी मिल जाएगी। आवेदन के दौरान आठ लाख और ज्वाइनिंग लेटर मिलने पर चार लाख देने होंगे। कमाल ने बहनोई रिजवान की नौकरी के लिए किस्तों में आठ लाख रुपये दे दिए। अफसाना और धर्मेंद्र प्रक्रिया की बात कहकर टालते रहे। कई बार टोकने पर दो लाख का चेक दिया और छह लाख किस्तों में देने की बात कही। छह लाख रुपये मांगने पर 9 दिसंबर 2025 को आफिस गाली-गलौज कर पीटा। गिड़गिड़ाने पर धर्मेंद्र ने कमाल और अफसाना के नाम पर प्लाट की रजिस्ट्री कर दी। रुपये देने की बात कहकर कमाल से उसके हिस्से के प्लॉट की रजिस्ट्री अफसाना को करा दी, फिर 6 लाख मांगने पर धमकाया। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने अफसाना पत्नी मो. शादाब निवासी मशालची टोला खदरा और धर्मेंद्र कुमार तिवारी निवासी कल्ली पश्चिम हालपता मुर्गखाना ठाकुरगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अपराध

### बरेली सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कुरैशी की तबियत बिगड़ने पर लाया गया था लखनऊ

# शानदार कुरैशी ने की थी दुकानदार की चाकू घोंप कर हत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बरेली सेंट्रल जेल कैदी शानदार कुरैशी ने साल 2018 में अपने पड़ोसी मीट दुकानदार की चाकू घोंप कर हत्या की थी, उसी मामले में उसे साल 2020 में कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उसे लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। लेकिन डाक्टरों ने उसे दो दिन बाद बुलाया। सेंट्रल जेल की पुलिस उसे वापस बरेली ले जा रही थी, उसी बीच रास्ते में तबियत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि अमरोहा शहर के मोहल्ला दानिश मंदाना निकट इमामबाड़ा निवासी 50 वर्षीय शानदार कुरैशी मीट का कारोबार करता था, उसके रिश्तेदार बिलाल की भी बगल में मीट की दुकान थी, कारोबार को ले कर दोनों के बीच आपसी रंजिश चल रही थी। शानदार के बेटे फैज़ ने बताया कि 21 जून 2018 को पड़ोसी दुकानदार बिलाल की दुकान के सामने चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई थी, उसी मामले में उसके पिता शानदार और पिता के चचेरे भाई सरताज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। साल 2022 में कोर्ट ने जुर्म साबित होने पर शानदार और सरताज को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।


शानदार कुरैशी की फाइल फोटो।

शानदार सेंट्रल जेल बरेली में सज़ा भुगत रहा था। फैज़ ने बताया कि कुछ दिनों से उसके पिता बीमार चल रहे थे, 19 मार्च को उन्हे लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, डाक्टरों ने सर्जिकल यूनिट के लिए रिफर किया, सर्जिकल यूनिट के डाक्टर ने 30 मार्च की तारीख देते हुए वापस बरेली ले जाने को कहा था। शनिवार की शाम को कैदी शानदार को पुलिस की निगरानी मे. ट्रेन से बरेली ले जाया जा रहा था, उसी दौरान ट्रेन के हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचते ही तबियत बिगड़ने पर उसे वहां उतार कर एम्बुलेंस-108 से उनको मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। रविवार को कोतवाली शहर पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव उसके घर वालों को सौंप दिया। शानदार के परिवार में पत्नी रुबीना के अलावा पांच बेटेऔर एक बेटी है।

### भट्ठे के पीछे पड़ा मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** ईंट-भट्ठे के पीछे युवक का शव पड़ा मिला। उसकी जेब से बरामद आधार कार्ड से शिनाख्त की गई है। रविवार की शाम कोतवाली शहर के गुरगुज्जा गांव के पास ईंट-भट्ठे के पीछे एक शव पड़ा देखा गया, इसका पता होने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंची। उसकी जेब से बरामद हुए आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त शंकरबक्श पुरवा निवासी 45 वर्षीय रामशरण के रूप में की गई। रामशरण सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट की एक फैक्ट्री में नौकरी करता था, पत्नी संगीता के साथ वहीं किराए पर रहता था।

### पुलिस हिरासत में युवक की तबीयत बिगड़ी

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला भगवंतपुर निवासी एक युवक की रविवार दोपहर पुलिस हिरासत में अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। युवक को तड़पता देख मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए और उसे तत्काल पीएचसी पाली में भर्ती कराया गया। बताते चले कि अंकित पुत्र गंगादीन निवासी मोहल्ला भगवंतपुर थाना पाली को किसी मामले में पुलिस ने हिरासत में लिया था। हिरासत के दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई, जिससे पुलिस महकमे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में पुलिस टीम उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां उसका इलाज जारी है। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार से युवक को हिरासत में लेने के कारण के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्पष्ट जानकारी देने से इंकार कर दिया। उन्होंने केवल इतना कहा कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, जांच किस संबंध में की जा रही है, इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। फिलहाल युवक की हालत पर डॉक्टरों की निगरानी बनी हुई है और पुलिस सतर्क नजर आ रही है।

हस्त शिल्प हथकरघा मेला 2026
मृगनयनी मध्यप्रदेश प्रदर्शनी 2026
समय : सुबह 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक
25 मार्च से 03 अप्रैल, 2026
चंदेरी, महेश्वरी तथा मलवरी सिल्क साड़ियाँ स्पेशल-बाग, डाबू, बाटिक प्रिंट की साड़ियाँ एवं सूट्स। हथकरघा की चादरें एवं पंचधातु पीतल की मूर्तियों के साथ कलात्मक सृजन
Madhya Pradesh Govt Emporium
Mrignayanee
Art from the heart

माधव सभागार, सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर, लखनऊ
शासकीय डिस्काउण्ट
आयोजक : सन्त रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लि., भोपाल
प्रायोजक : आयुक्त हाथकरघा एवं हस्त शिल्प, मध्य प्रदेश शासन





लोक भवन में आयोजित 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# अभ्यर्थियों ने पारदर्शी चयन प्रक्रिया को सराहा

## मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर भावुक हुए अभ्यर्थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मंच से एक-एक कर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता की सराहना की।

अभ्यर्थियों ने कहा कि अब सरकारी भर्तियों में मेहनत और योग्यता को ही प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर दिया जा रहा है। इस नियुक्ति प्रक्रिया ने युवाओं के बीच सिस्टम के प्रति विश्वास को मजबूत किया है। चयनित अभ्यर्थियों की बातों से साफ झलकता है कि अब सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता और निष्पक्षता नई पहचान बन चुकी है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा अमित घोष, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, केजीएमयू वाइस चांसलर डॉ. सोनिया नित्यानंद आदि उपस्थित थे।

पारदर्शी परीक्षा के कारण मुझे प्रथम रैंक हासिल करने का अवसर मिला। परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष रही। मुख्यमंत्री से मिलना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।
– प्रियंका सिंह (मोहनलालगंज, लखनऊ)

दो चरणों में हुई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी रही। इसमें वही सफल हुए जो वास्तव में योग्य थे। यह मेरे जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। – संध्या सिंह (सुल्तानपुर)

परीक्षा केंद्रों पर इतनी कड़ी सुरक्षा थी कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना ही नहीं थी। यह सरकार की ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था का उदाहरण है।
– अनामिका यादव (मैनपुरी)

पहले मेरे मन में उत्तर प्रदेश को लेकर गलत धारणा थी, लेकिन अब राज्य तेजी से विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बदलाव साफ दिखता है। – शरिमा सिद्दीकी

नियुक्ति पत्र मिलना मेरे जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण है। पारदर्शी प्रक्रिया से योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिला। – आकांक्षा

## न्यूज ब्रीफ

### कमरा बंद कर किशोरी ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, हरदोई:** किशोरी ने कमरा बंदकर फंदा लगा लिया। पड़ोस के मकान से कमरे का दरवाज़ा खोलकर उसका शव बाहर निकाला गया। पचदेवरा थाने के बेरिया मजरा चकराछा निवासी सत्यराम की तीन बेटियों में सबसे छोटी 17 वर्षीय काजल मां के साथ घरेलू कामों में हाथ बंटाती थी। रविवार की सुबह उसकी मां और दोनों भाई खेत पर चले गए थे। उसी दौरान कमरे का दरवाज़ा बंद कर उसने दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसके भाई मिंटू ने बताया कि वह खेत से घर पहुंचा तो कमरे में काजल का शव लटका दिखाई दिया।

### ईंटे गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**अमृत विचार, हरदोई:** बुजुर्ग महिला पेड़ के नीचे बैठी हुई थी, उसी बीच ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली उधर से निकली, उसका पहिया गड्ढे में जाने से तमाम ईंटे उछल कर वृद्धा के ऊपर जा गिरी। घायल वृद्धा को मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। टड़ियावां थाने के अमरावां की बुजुर्ग शिवरानी रविवार की सुबह गांव में पीपल के पेड़ के नीचे बैठी थी, उसी बीच ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली उधर से निकली, पहिया गड्ढे में जाने से ईंटे उछल कर शिवरानी को लग गईं।

# नशे में घरवालों से झगड़ कर दो लोगों ने दी जान

## दुबग्गा, कृष्णानगर और बीकेटी से सामने आए खुदकुशी के मामले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दुबग्गा इलाके में मजदूर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छानबीन में पता चला कि शराब के नशे में शनिवार देर रात मजदूर का पत्नी से विवाद हुआ था। वहीं, कृष्णानगर इलाके में मजदूर ने फंदा लगा लिया। रविवार सुबह परिजन ने फंदे से उतारकर युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

दुबग्गा के बेगरिया खेड़ा निवासी श्याम प्रकाश (38) मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी कविता, बेटा अनुज और बेटी रुचि हैं। श्याम प्रकाश शराब के आदी थे। शनिवार देर रात शराब पीकर घर आए। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हो गयी। जिसके बाद श्याम अपने कमरे में चला गया। रविवार सुबह बेटा अनुज श्याम को जगाने कमरे में गया। पिता को पंखे में बंधी चादर के सहारे लटका देखकर वह चीख पड़ा। रिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जानकारी मिलते ही दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कृष्णानगर के न्यू सरदारी खेड़ा निवासी अंकित राज (26) मजदूर है। पिता राम लखन ने बताया कि शनिवार रात खाना खाने के बाद अंकित कमरे में सोने चला गया था। रविवार सुबह घरवाले कमरे में गए तो अंकित दुपट्टे से लटका मिला। अंकित को नीचे उतारकर लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन अंकित का शव लेकर घर चले आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ऑटो चालक ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर निवासी कमलेश यादव परिवार संग रहते हैं। बड़े बेटे मुकेश ने बताया कि छोटा भाई टिंकू (20) ऑटो रिक्शा चालता था। वह शराब पीने का आदी था। टिंकू अक्सर शराब पीकर घर आता था और परिजन से गाली-गलौज करते हुए कमरे में चला जाता था। शनिवार रात भी वह शराब पीकर घर आया और गाली-गलौज करते हुए अपने कमरे में सोने चला गया। रविवार सुबह जब परिजन टिंकू के कमरे में गए। परिजनों ने देखा कि टिंकू छत में लगे पंखे से चदर के सहारे फांसी के फंदे से लटक रहा था। यह देखकर परिजन चीख पड़े। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। सूचना पर बीकेटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से टिंकू के शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वादा करें नोएडा एयरपोर्ट नहीं बेचेंगे : अखिलेश

## दादरी रैली में गरजे सपा प्रमुख, भाजपा पर साधा निशाना, पीडीए की एकता पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अखिलेश यादव की गौतमबुद्ध नगर के दादरी में आयोजित रैली से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। सपा प्रमुख ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इसका उद्घाटन "बेचने के लिए" किया गया है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि एयरपोर्ट का निजीकरण नहीं होगा। उन्होंने किसानों को उनकी जमीन का बाजार भाव से मुआवजा न मिलने का आरोप लगाते हुए वादा किया कि सपा सरकार बनने पर विकास परियोजनाओं के लिए ली जाने वाली जमीन का उचित मूल्य दिया जाएगा।



गौतमबुद्ध नगर के दादरी में आयोजित रैली में उपस्थित जनसमूह को मंच से संबोधित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

दादरी के सम्राट मिहिर भोज कॉलेज मैदान में हुई रैली में अखिलेश यादव ने कहा कि सपा शासनकाल में किसानों को बेहतर मुआवजा मिलता था, जबकि वर्तमान सरकार में उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। भाजपा के निवेश और रोजगार के दावों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि "50 लाख करोड़ निवेश" की बात सिर्फ कागजों तक सीमित है और नौजवानों को रोजगार नहीं मिल पा रहा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

रैली में उन्होंने पिछली सभाओं पर भी तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को भीड़ जुटाने के लिए सरकारी संसाधनों का सहारा लेना पड़ा, जबकि सपा की रैली में लोग स्वेच्छा से पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि वे नोएडा से जुड़े अंधविश्वास को नहीं मानते और कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनसे संवाद करते रहे हैं।

सियासी माहौल को और गर्माते हुए सपा प्रमुख ने 'पीडीए' (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि "5 प्रतिशत बनाम 95 प्रतिशत" की लड़ाई जारी रहेगी और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए सभी वर्गों को एकजुट होना होगा। साथ ही, उन्होंने संविधान की रक्षा का मुद्दा उठाते हुए भाजपा पर उसे कमजोर करने की साजिश का आरोप लगाया।

# प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति से सुरक्षित हुई तेल आपूर्ति : केशव

## उप मुख्यमंत्री ने सुनी पीएम के 'मन की बात'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 132वें संस्करण को सुना। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में भारत वैश्विक और आंतरिक दोनों मोर्चों पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

अपने सरकारी आवास 7-कालिदास मार्ग पर कार्यक्रम सुनने के बाद उप मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से ईरान द्वारा भारतीय तेल जहाजों को गुजरने की अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की सफल विदेश नीति का परिणाम बताते हुए कहा कि यह निर्णय भारतीय आर्थिक हितों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे देश की तेल आपूर्ति निर्बाध बनी रहेगी और भारत-ईरान के द्विपक्षीय संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे।



'मन की बात' कार्यक्रम सुनते केशव प्रसाद मौर्य।

कार्यक्रम के बाद केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वाराणसी में हुए रिकॉर्ड पौधारोपण अभियान और 'ज्ञान भारतम' पहल की चर्चा कर देशवासियों को नई प्रेरणा दी है। उन्होंने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों और समाज में एकजुटता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# 9 आईएएस अफसरों का तबादला

- कई को अतिरिक्त जिम्मेदारी, शासन ने देर रात जारी किए आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार देर रात नौ आईएएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। इस फेरबदल में कई वरिष्ठ अधिकारियों को उनके मौजूदा पद के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी गई हैं, जबकि कुछ को नई तैनाती दी गई है।

प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम. देवराज को उनके वर्तमान पद के साथ महानिदेशक, प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स रहे अनुराग यादव को अब समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी जगह आलोक कुमार-तृतीय को आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

आलोक कुमार-तृतीय के पास पहले से प्रमुख सचिव नियोजन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के साथ ही 'वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' के नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी भी है।

**ग्रामीण विकास से लेकर स्वास्थ्य तक बदलाव :** सौरभ बाबू को प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के साथ महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। रवि रंजन को प्रबंध निदेशक, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन से हटाकर विशेष सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बनाया गया है। टीके शिबु को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से हटाकर यूपी एग्रो का प्रबंध निदेशक बनाया गया है, साथ ही उन्हें अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

**प्रतीक्षारत अधिकारियों को मिली तैनाती :** प्रतीक्षारत चल रहे हिमांशु कौशिक को यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं प्रतीक्षारत रहीं सौम्या गुरुरानी को शाहजहांपुर का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। शाहजहांपुर के नगर आयुक्त रहे डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा को अब अपर प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पद पर तैनात किया गया है।

## सिटी डायरी

### एयरपोर्ट पर 10 रुपये में अल्पाहार



हवाईअड्डे पर उड़ान यात्री कैफे से खाद्य सामग्री खरीदते लोग।

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 'उड़ान यात्री कैफे' का ई-उद्घाटन किया। टर्मिनल-3 के चेक-इन हाल में शुरू हुए इस कैफे में यात्रियों को मात्र 10 रुपये से अल्पाहार और पेय पदार्थ उपलब्ध होंगे। मंत्री ने उद्घाटन अवसर पर बताया कि 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत शुरू किया गया यह कैफे यात्रियों की बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे उन्हें उचित दरों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य-पेय सामग्री मिल सके। लखनऊ एयरपोर्ट प्रवक्ता के मुताबिक 'उड़ान यात्री कैफे' की शुरुआत से यात्रियों को एयरपोर्ट पर किफायती दरों पर नाश्ता, पेय पदार्थ और अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे यात्रा अनुभव और बेहतर बनेगा।




होली व ईद मिलन समारोह में शामिल लोग। अमृत विचार

### गोसाईगंज में मनाया होली-ईद मिलन

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** गोसाईगंज कस्बे में आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रविवार को होली व ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी ने फूलों की होली खेली और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष इरफान अब्बासी और महामंत्री अश्वनी यादव जिला अध्यक्ष फुरकान राईन ने गुलाल लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, चेयरमैन निखिल मिश्रा, पूर्व ब्लाक प्रमुख मान सिंह वर्मा, प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह, सपा नेत्री अर्चना रावत, वरिष्ठ पत्रकार राकेश पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



महिलाओं को जागरूक करती पुलिस कर्मी।

### झाड़ेश्वर मंदिर में किया जागरूक

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत रविवार को हरौनी स्थित झाड़ेश्वर मंदिर परिसर में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान महिलाओं, बच्चियों व पुरुषों को सुरक्षा, अधिकारों और हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक गुलाब कली, उपनिरीक्षक नेहा यादव, उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, महिला कांस्टेबल मोनी यादव और एंटी रोमियो टीम मौजूद रही। पुलिस टीम ने लोगों को आपातकालीन सहायता के लिए 112, महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 1076 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी।




बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडेय।

### महारैली में जाएंगे शिक्षक

**अमृत विचार, हरदोई :** उप्र. प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यसमिति, ब्लॉक अध्यक्षों, मंत्रियों व संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की बैठक शिक्षक भवन सभागार में हुई। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 अप्रैल को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली शिक्षकों की महारैली में जनपद से बड़ी संख्या में शिक्षक भाग लेंगे।

# डीपीआर भेजने में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

## मंत्री एके शर्मा ने स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष शिथिल कार्यवाही पर दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट में स्वीकृत योजनाओं की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) भेजने में देरी करने वाले अधिशासी अधिकारियों (ईओ) और डूडा के परियोजना अधिकारियों (पीओ) के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

रविवार को संगम सभागार में आयोजित बैठक में नगर विकास मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा जनहित की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने की है। अधिकारियों को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में अनावश्यक विलंब, उदासीनता या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित डीपीआर को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द शासन को भेजा जाए ताकि काम शुरू हो सके।

मंत्री एके शर्मा ने न केवल समयसीमा, बल्कि कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित मॉनिटरिंग करें और किसी भी बाधा का तत्काल समाधान निकालें। साथ ही, योजनाओं की प्रभावशीलता जांचने के लिए आम जनता से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद, सचिव रविंद्र कुमार और विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में बच्चे समेत तीन की मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक मासूम बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

माधौगंज थाना क्षेत्र में बघौली-माधौगंज मार्ग पर ऑटो और बाइक की टक्कर में दो वर्षीय असद की जान चली गई। हादसे में बाइक सवार आरिफ व गेदा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

साण्डी थाना क्षेत्र में खेत से लौट रहे 50 वर्षीय लालाराम को बाइक ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई।

वहीं सुरसा थाना क्षेत्र में लखनऊ-पलिया हाईवे पर बाइक की टक्कर से साइकिल सवार 58 वर्षीय रईस की मौत हो गई, जबकि उनका भतीजा घायल हो गया।

अमृत विचार

लखनऊ, सोमवार, 30 मार्च 2026 पूर्वांचल

## न्यूज ब्रीफ

### रामलीला मंच पर युवक ने की फायरिंग

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के गैनही जंगल से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। ग्राम सभा में आयोजित यज्ञ के दौरान हो रही रामलीला में मंच पर डांस कार्यक्रम के बीच एक युवक ने असलहे से फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी दौरान युवक ने अचानक हथियार निकालकर फायरिंग शुरू कर दी जिससे दहशत फैल गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवक मंच पर फायरिंग करता नजर आ रहा है। फिलहाल पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** रविवार को थानाध्यक्ष भवानीगंज बृजेश सिंह टीम के साथ थाना स्थानीय पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 25,000 का इनामी वांछित अभियुक्त को भड़रिया चौराहे से आगे स्थित धर्मकांटा के पास से गिरफ्तार कर लिया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त सोनू मिश्रा पुत्र राजित राम निवासी ग्राम शंकरपुर झिसनी थाना थानगांव जिला सीतापुर था। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भवानीगंज बृजेश सिंह, उप निरीक्षक राममिलन सिंह, कांस्टेबल सिद्धार्थ सिंह, कांस्टेबल अनीत वर्मा, कांस्टेबल रामबीर यादव मौजूद रहें।

### पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस ने वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को थाने पर दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त राहुल चौहान (26) निवासी ग्राम कलनाखोर थाना खेसरहा को खुनुवां मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

# बच्चे का हित तय करेगा अभिरक्षा का अधिकार : हाईकोर्ट

## बच्चे की कस्टडी सुनिश्चित करते समय केवल व्यक्तिगत कानून (पर्सनल लॉ) को ही अंतिम आधार नहीं बनाया जा सकता

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग बच्चों की अभिरक्षा से जुड़े एक मामले में यह स्पष्ट किया कि बच्चे की कस्टडी सुनिश्चित करते समय केवल व्यक्तिगत कानून (पर्सनल लॉ) को ही अंतिम आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भले ही माता-पिता विशेष व्यक्तिगत कानून से शासित हों। लेकिन कोर्ट का महत्वपूर्ण दायित्व यह देखना होता है कि बच्चे के हित, सुरक्षा,देखभाल और भविष्य के लिए क्या सबसे बेहतर है। यानी अगर व्यक्तिगत कानून किसी एक अभिभावक को प्राथमिकता देता भी हो, तब भी न्यायालय स्वतः उसी आधार पर फैसला नहीं करेगी। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो नाबालिग की अभिरक्षा का निर्णय "माता या पिता का कानूनी अधिकार" देखकर नहीं, बल्कि "बच्चे के सर्वोत्तम कल्याण" को केंद्र में रखकर किया जाएगा और यही सिद्धांत अभिरक्षा विवाद में सर्वोपरि होना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अनिल कुमार-दशम की एकलपीठ ने बस्ती जनपद निवासी रिजवाना और दो अन्य द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को निस्तारित कर मां को सक्षम न्यायालय के समक्ष वैधानिक उपाय अपनाने का निर्देश देते हुए पारित किया। मामले के तथ्यों पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि अभिभावक एवं संरक्षक अधिनियम, 1890 एक सामान्य कानून है, जो सभी धर्मों पर लागू होता है और मुस्लिम पक्षकारों को इसके तहत राहत लेने से वंचित नहीं करता। व्यक्तिगत कानून मार्गदर्शक हो सकता है, लेकिन अभिरक्षा के मामलों में सर्वोपरि मानदंड बच्चे का कल्याण ही रहता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984 के तहत परिवार न्यायालयों को नाबालिगों की अभिरक्षा और संरक्षकत्व से जुड़े मामलों की सुनवाई का व्यापक अधिकार प्राप्त है। इन परिस्थितियों में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अभिरक्षा का निर्णय विस्तृत सुनवाई के बिना नहीं किया जा सकता, इसलिए याची को सक्षम परिवार न्यायालय का रुख करने की स्वतंत्रता दी।

## समन जारी होने के बाद भी अग्रिम जमानत पर रोक नहीं : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दा उठाते हुए कहा कि शिकायत मामलों में अदालत द्वारा समन जारी होने के बाद भी क्या आरोपी अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है या नहीं, यह एक गंभीर विधिक प्रश्न है। इस विषय पर कानून की स्पष्ट व्याख्या आवश्यक है, इसलिए अंतिम निर्णय के लिए इस मुद्दे को बड़ी पीठ के समक्ष भेजा जाना उचित होगा। विभिन्न अग्रिम जमानत याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की एकलपीठ ने पाया कि पूर्व में आशीष कुमार मामले में यह कहा गया था कि शिकायत मामले में समन जारी होने के बाद अग्रिम जमानत बनाए रखने योग्य नहीं होती, क्योंकि ऐसी स्थिति में पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की आशंका नहीं रहती। हालांकि वर्तमान पीठ ने माना कि यह निष्कर्ष सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित विधि सिद्धांतों से पूरी तरह मेल नहीं खाता। कोर्ट ने रेखांकित किया कि सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय मामलों में आरोपी के समन पर उपस्थित होने के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की संभावना रहती है, जिससे गिरफ्तारी की आशंका पूरी तरह समाप्त नहीं मानी जा सकती। इसलिए "गिरफ्तारी की आशंका" और "वास्तविक गिरफ्तारी" को अलग-अलग अवधारणाएं माना जाना चाहिए।

## बहू पर सास-ससुर के भरण-पोषण का कानूनी भार नहीं, बाध्य नहीं कर सकते

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीएनएसएस की धारा 144 के तहत भरण पोषण से जुड़े मामले पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि कानून में प्रावधान न होने पर केवल नैतिक दायित्व के आधार पर बहू को सास–ससुर का भरण–पोषण करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकलपीठ ने परिवार न्यायालय, आगरा के उस आदेश को सही ठहराते हुए राकेश कुमार और अन्य की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी, जिसमें उनके द्वारा अपनी पुत्रवधू से भरण–पोषण की मांग की गई थी। कोर्ट ने माना कि भरण–पोषण का अधिकार वैधानिक है और यह केवल उन्हीं व्यक्तियों तक सीमित है, जिन्हें कानून में स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है। वर्तमान कानूनी व्यवस्था में सास–ससुर को बहू से भरण–पोषण मांगने का अधिकार प्रदान नहीं किया गया है। मामले के अनुसार याची माता–पिता मृतक के वृद्ध, अशिक्षित एवं निर्धन माता–पिता हैं। जो अपने जीवनयापन के लिए अपने एकमात्र पुत्र स्वर्गीय प्रवेश कुमार पर पूर्णतः आश्रित थे। उन्होंने यह भी बताया कि मृतक का विवाह विपक्षी के साथ 26 अप्रैल 2016 को हुआ था और उसकी मृत्यु 31 मार्च 2021 को हुई। उसकी पत्नी उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल है तथा पर्याप्त आय अर्जित करती है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि पुत्रवधू पर नैतिक रूप से उनके भरण–पोषण का दायित्व है। वहीं विपक्ष की ओर से परिवार न्यायालय के आदेश को विधिसम्मत बताया गया। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि नैतिक दायित्व को कानूनी दायित्व का रूप तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक उसके लिए स्पष्ट वैधानिक प्रावधान न हो।

# श्रीकृष्ण की नटखट छवि हुई जीवंत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शहर के श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर के पास चल रहे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में रविवार की रात भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस दौरान कथावाचक पंडित आलोकानंद दास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बाल्यकाल की लीलाओं के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की नटखट छवि का जीवंत चित्रण किया, जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। वहीं गोवर्धन पूजा प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को तोड़ते हुए गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। कथावाचक आलोकानंद दास की मनमोहक शैली, मधुर वाणी और भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने भावविभोर होकर कथा का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु राधे-श्याम के जयघोष के साथ भक्ति में लीन नजर आए। इस मौके पर मुख्य यजमान नर्वदेश्वर सिंह व उर्मिला सिंह समेत विधायक श्यामधनी राही, शेखर सिंह, माधव सिंह, विवेक सिंह, मार्कण्डेय सिंह, मनोज सिंह, छेदी मोदनवाल, श्रीकांत शुक्ला, पिंटू मिश्रा, ओम प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।



बाल श्रीकृष्ण के स्वरूप को गोदी में लिये विधायक श्यामधनी राही।

# शाखा से होता बौद्धिक विकास व चरित्र निर्माण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बीएसए ग्राउंड पर रविवार को शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जगह-जगह लगने वाली सभी बस्तियों की शाखाओं को एक साथ लगाने का अभिनव प्रयोग हुआ। 37 शाखाओं के मुख्य शिक्षक एवं शाखा कार्यवाह अपने ध्वज एवं सैकड़ों स्वयंसेवकों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर जुटे। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि आरएसएस की शाखा व्यक्ति के बौद्धिक विकास व चरित्र निर्माण की अभिनव प्रयोगशाला है, यहां स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना साकार होती है। संघ में सादगी है, कर्मठता है, इसमें स्वयंसेवक देश के लिए त्याग और अनुशासन सीखते हैं। बाल, तरुण, प्रौढ़ सभी वर्ग के लोग इसमें शामिल होकर आपस में सामंजस्य स्थापित करते हैं। कहा कि शाखा में स्वयंसेवक सामाजिक समरसता, देश की सभ्यता व संस्कृति से परिचित भी होते हैं। इसमें नियमित भाग लेने से व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से सबल बनता है। उन्होंने शाखा पर प्रतिदिन फहराए जाने वाले भगवा ध्वज को सनातन धर्म व संस्कृति का प्रतीक बताते हुए कहा कि शाखा में ध्वज फहराने के पश्चात सूर्य नमस्कार, योग, व्यायाम, खेल, देशभक्ति के गीत होते हैं, इससे लोगों में राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत होता है।



योगाभ्यास करते राष्ट्रीय स्वयं संघ के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# मरीजों को दें गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी नौगढ़ तथा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंदवा बाजार धुसरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं की स्थिति तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी नौगढ़ में जिलाधिकारी ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष तथा प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से मरीजों के उपचार, दवाओं की उपलब्धता तथा दैनिक मरीज संख्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए। नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी नौगढ़ व नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंदवा बाजार में यह पाया गया कि ओपीडी की संख्या बहुत ही काम है इससे यह प्रतीत होता है कि अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का प्रचार प्रसार नहीं किया जा रहा है मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि आशा हुआ आंगनबाड़ी को आंगनबाड़ी को निर्देशित करें कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का प्रचार प्रसार सही से कराया जाए। ओपीडी की संख्या कम होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।



मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण करते डीएम।

- डीएम ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण कर दिए निर्देश

## विशेष गाड़ी का संचलन बढ़ाया गया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिए 05101/05102 गोरखपुर–नई दिल्ली–गोरखपुर ग्रीष्मकालीन द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 07 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को तथा नई दिल्ली से 08 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को 29 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 04 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 12 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# जबरन हस्ताक्षर कराने का लगाया आरोप

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर**

- अवैध निर्माण को लेकर पीड़ित ने एसडीएम से की थी शिकायत
- पुलिस की एकतरफा कार्रवाई से लोगों में नाराजगी, गांव में तनाव

**अमृत विचार।** जनपद के थाना कोतवाली बांसी क्षेत्र अन्तर्गत सिहोरिया गांव में अवैध निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। गांव निवासी व्यास मिश्रा ने एसडीएम बांसी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके घर के दरवाजे के सामने सहन से सटे पट्टीदार दिवाकर द्वारा जबरन बल प्रयोग कर अवैध निर्माण कराया जा रहा है।

प्रार्थी के अनुसार, निर्माण कार्य पूरा होने पर उनके परिवार का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा और घर से निकलने का रास्ता बन्द हो जायेगा। मामले को गम्भीर मानते हुए एसडीएम बांसी ने थाना पुलिस और राजस्व निरीक्षक (आरआई) को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इसी बीच शिकायतकर्ता ने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। व्यास मिश्रा का आरोप है कि पुलिस ने उन पर दबाव बनाकर हस्ताक्षर करा लिए और निर्माण कार्य में हस्तक्षेप न करने की हिदायत दी। इससे मामले ने नया मोड़ ले लिया है और निष्पक्ष कार्रवाई को लेकर सन्देह की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार, विवाद को लेकर दोनों पक्षों में पहले भी कहासुनी हो चुकी है, जिससे तनाव बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर कई बार समझौते की कोशिश हुई, लेकिन समाधान नहीं निकल सका। अब पूरे मामले में प्रशासन की जांच रिपोर्ट पर सभी की नजरें टिकी हैं। यदि आरोप सही पाये जाते हैं तो सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। वहीं प्रशासन का कहना है कि जांच निष्पक्ष रूप से कराई जा रही है और दोनों पक्षों को सुनकर ही अन्तिम निर्णय लिया जायेगा।

# गर्भवती महिला की मौत में पति सहित चार गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** महुली थाना क्षेत्र के हरिहरपुर नगर पंचायत स्थित रंगपाल नगर में 26 मार्च को गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में रविवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पति समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है।

बरौली गांव निवासी भगवान दास गोंड ने 28 मार्च को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी रूपा की शादी 27 मार्च 2022 को हरिहरपुर के रंगपाल नगर निवासी मनीष गोंड से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही एक लाख रुपये की दहेज मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी के चलते पति व अन्य ससुरालियों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति मनीष गोंड, ससुर रामकिशुन गोंड, जेठ रजनीश गोंड उर्फ पप्पू और जेठानी रीता देवी के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। सीओ धनघटा अभय नाथ मिश्रा ने बताया कि चारों आरोपियों को हरिहरपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बुद्ध की धरती से दुनिया को दिया शांति का संदेश

**संवाददाता कुशीनगर।**

**अमृत विचार:** विश्व छात्र एवं युवा संगठन एवं मेटा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भगवान बुद्ध की निर्वाणस्थली कुशीनगर में 'विश्व शांति संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 26 देशों के 180 विद्यार्थी प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि अमरकंटक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी, प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. अश्वनी महापात्रा, विश्व छात्र एवं युवा संगठन के अध्यक्ष नितिन शर्मा एवं महासचिव शुभम गोयल उपस्थित रहे। यह विद्यार्थी समूह गत दो दिनों से गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित हुए "ग्लोबल एआई कॉन्क्लेव" में प्रतिभाग किया था, जहाँ विभिन्न सत्रों के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित किया गया था। आज जहाँ विश्व संकट के दौर में है, यह विद्यार्थी समूह विश्व को शांति का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध के महानिर्वाण स्थल कुशीनगर में 'विश्व शांति संवाद' में प्रतिभाग किया, तत्पश्चात बौद्ध भग्नावशेष का भ्रमण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि, "विश्व छात्र एवं युवा संगठन का अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को एक साथ मंच पर लाने का कार्य सराहनीय है।



विश्व शांति संवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र–छात्राएं एवं अतिथिगण। अमृत विचार

# दबंगों ने घर में घुसकर बच्चों वृद्धों और महिलाओं को पीटा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चिल्हियां थाना क्षेत्र में दबंगों ने घर में घुसकर पूरे परिवार पर लाठी-डण्डों से हमला किया। घटना के समय घर में परिवार का कोई पुरुष मौजूद नहीं था, दबंगों ने घर में मौजूद बच्चों और बुजुर्ग मां तक को बेरहमी से पीटा। पड़ोसियों ने तत्काल फोन कर पड़ोसी महबूब अली और मकसूद अली को सूचना दिया कि उनके घर में कुछ लोग घुसकर परिवार के साथ मारपीट कर रहे हैं। प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक महबूब अली आनन-फानन में घर पहुंचे और परिवार को बचाने का प्रयास किया, दबंगों ने उनके ऊपर भी हमला कर दिया। इसी दौरान मकसूद अली भी मौके पर पहुंचे, जिनके साथ भी मारपीट की गई। हमलावरों में अलाउद्दीन, असलम, आलम, नसीम सहित उनके परिवार के अन्य सदस्य शामिल थे। आरोप है कि दबंगों के घर की महिलाओं ने भी महबूब अली के परिवार के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना की सूचना चिल्हियां थाना पुलिस को तहरीर देकर दी गई है। बताया जा रहा है कि विवाद की जड़ कुछ दिन पहले बिजली विभाग द्वारा मौके पर छोड़े गये तार हैं।

**प्रोत्साहन** | उदया इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभा का सम्मान, खिले चेहरे

# मेधावियों को साइकिल देकर बढ़ाया उत्साह

**संवाददाता, संतकबीरनगर**

**अमृत विचार।** भुजैनी स्थित उदया इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक प्रतिवेदन दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को भव्यता और अनुशासन के साथ किया गया। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए साइकिल व अन्य उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम खलीलाबाद अरुण कुमार वर्मा, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकित राज तिवारी व प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत गीत ने कार्यक्रम को भावपूर्ण बना दिया। मुख्य अतिथि एसडीएम खलीलाबाद अरुण कुमार ने कहा कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच से ही विद्यार्थी सफलता के शिखर तक पहुंच सकते हैं। निदेशक ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर अंकित राज तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी हैं, जबकि प्रधानाचार्य ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में कक्षा तीन से 11 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई, जबकि अन्य मेधावियों को सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।






भुजैनी स्थित उदया इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को पुरस्कृत करते एसडीएम सदर अरुण कुमार व एमडी अंकित राज तिवारी।

## मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों से मिले शिक्षक विधायक

**कुशीनगर, अमृत विचार:** गोरखपुर फैज़ाबाद क्षेत्र के शिक्षक एमएलसी, विधान परिषद में नेता शिक्षक दल तथा सभापति प्रश्न एवं सन्दर्भ समिति ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने रविवार को हाटा नगर के श्री गांधी स्मारक इंटर कालेज मूल्यांकन केंद्र का दौरा किया। विधायक के पहुंचने पर प्रधानाचार्य नागेश्वर पति त्रिपाठी व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में शिक्षकों ने एमएलसी त्रिपाठी का विद्यालय परिसर में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। शिक्षक विधायक ने इसके पहले नवजीवन इंटर कालेज पटहेरवा और कुशीनगर के बुद्ध इंटर कालेज मूल्यांकन केंद्र का भी दौरा किया।

# नकली सोना देकर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा, होमगार्ड समेत 2 गिरफ्तार

**संवाददाता, संतकबीरनगर।**

**अमृत विचार।** एसओजी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने नकली सोने के नाम पर आठ लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का रविवार को खुलासा किया। पुलिस ने डड़वा नहर तिराहे के पास से डायल-112 में तैनात एक होमगार्ड समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से आठ लाख रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन, पीली धातु के दो बिस्कुट, वर्दी (बेल्ट व नेम प्लेट सहित), आधार कार्ड और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि गिरोह का सदस्य होमगार्ड वर्दी की धौंस दिखाकर वारदात को अंजाम देने में सरगना की मदद करता था।

एसपी संदीप कुमार मीना ने बताया कि कुशीनगर जिले के खड्डा निवासी गल्ला कारोबारी सन्नी कुमार गुप्ता की करीब एक वर्ष पहले नेपाल निवासी एक व्यक्ति से पहचान हुई थी। उसने सोने के कारोबार में अधिक मुनाफे का लालच देकर जाल में फंसाया।14 मार्च 2026 को खलीलाबाद के जिगिना गांव के पास आरोपियों ने नकली सोना दिखाकर भरोसा जीता। इसके बाद 23 मार्च को केनौना तालाब के पास बुलाकर झांसे में लेते हुए आठ लाख रुपये ले लिए। वारदात के दौरान फर्जी वर्दीधारी साथियों की मदद से आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में जांच में सोना नकली निकला। मामले में 26 मार्च को मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिए कोतवाल जयप्रकाश दुबे, एसओजी प्रभारी अजय सिंह और सर्विलांस प्रभारी अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गई थीं। रविवार को सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डड़वा चौराहे के पास से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गिरोह के सरगना प्रदीप कुमार राव निवासी लोहदर, थाना मुंडेरवा (बस्ती) हाल पता नौतनवा जिला महराजगंज और संजय चौधरी निवासी बैरनपुर, थाना कोतवाली खलीलाबाद के रूप में हुई है।

**ब्रीफ न्यूज**

### लुधियाना में कांग्रेस नेता की कुल्हाड़ी से हमला करके हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना जिले में रविवार शाम को दो अज्ञात लोगों ने कुल्हाड़ी से हमला करके एक स्थानीय कांग्रेस नेता की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। माछीवाड़ा में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष परमिंदर तिवारी ने प्रवासी श्रमिकों के लिए किराए पर आवास उपलब्ध कराया था। लुधियाना के कुम कलां थाने के प्रभारी अधिकारी परमदीप सिंह ने बताया कि दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल पर आए और कुर्सी पर बैठे तिवारी पर हमला कर दिया। उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं। सिंह ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन चोटों के कारण उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया, इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### नागपुर के पास ट्रेन पटरी से उतरी, कोई घायल नहीं

**नागपुर।** मध्य प्रदेश के बालाघाट से महाराष्ट्र के इतवारी जा रही एक ट्रेन रविवार को नागपुर के पास पटरी से उतर गई। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर डिवीजन के अंतर्गत कलमना और कामटी के बीच रात नौ बजकर करीब 45 मिनट पर हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार, बालाघाट-इतवारी एमईएमयू (68715) की पहली बोगी के आगे के दो पहिए पटरी से उतर गए। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ट्रेन नियंत्रित गति से चल रही थी और इसी वजह से कोई गंभीर क्षति या नुकसान नहीं हुआ।

# पश्चिम एशिया में फंसे अपने नागरिकों की सहायता का स्तर बढ़ा रहा है भारत

## अधिकारियों का दावा- बंदरगाहों पर बिना रुकावट के जारी हैं गतिविधियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और अपने नागरिकों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए निगरानी और समस्याओं के समाधानों को तेज कर दिया है। अधिकारियों ने दावा किया है कि शिपिंग परिचालन और बंदरगाह गतिविधियां स्थिर और बिना किसी रुकावट के जारी हैं। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इस क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले किसी भी जहाज से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है।

मंत्रालय के मुताबिक दो लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वाहक जहाज, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, जिनमें कुल मिलाकर लगभग 94,000 मीट्रिक टन माल लदा है, सुरक्षित रूप से इस क्षेत्र से गुजर चुके हैं और भारत की ओर बढ़ रहे हैं। रविवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार बीडब्ल्यू टीवाईआर के 31 मार्च को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम के 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर पहुंचने की संभावना है। कहा गया है कि पूरे भारत में बंदरगाहों का परिचालन सामान्य बना हुआ है और कहीं से भी भीड़भाड़ की कोई रिपोर्ट नहीं है। गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, केरल, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के समुद्री बोर्डों ने सुचारू कामकाज की पुष्टि की है।

इस बीच विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है, जिसमें भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस क्षेत्र में स्थित भारतीय दूतावास और चौकियां चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। भारतीय समुदाय के साथ संपर्क बनाए हुए हैं और नियमित रूप से परामर्श जारी कर रही हैं। भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए एक समर्पित कंट्रोल रूम सक्रिय है। नाविकों, छात्रों, फंसे हुए व्यक्तियों और अल्पकालिक आगंतुकों को सहायता प्रदान की जा रही है, जिसमें वीजा, कांसुलर और लॉजिस्टिक सहायता शामिल है। 28 फरवरी से इस क्षेत्र से लगभग 5.24 लाख यात्री भारत लौट चुके हैं।



### दुबई में ऊना के शख्स की ड्रोन हमले में मौत

**ऊना।** हाल ही में दुबई में एक सेना छावनी क्षेत्र के पास ड्रोन हमले में मारे गए जसविंदर सिंह की मृत्यु के बाद हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के सनोली माजरा गांव में शोक का माहौल है। जिला प्रशासन के अनुसार, जसविंदर का पार्थिव शरीर रविवार शाम को उनके पैतृक गांव सनोली माजरा पहुंचने की उम्मीद है। जसविंदर के परिवार में उनकी पत्नी, 22 वर्षीय पुत्र और उनकी मां हैं। वह पंद्रह वर्षों से दुबई में वाहन चालक के रूप में काम कर रहे थे। खबरों के मुताबिक, जसविंदर लगभग तीन-चार दिन पहले दुबई में सेना छावनी क्षेत्र के पास सामान उतारते समय ड्रोन हमले का शिकार हो गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि दुबई में हुई यह घटना न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव के लिए एक गहरा आघात है। जसविंदर की मृत्यु ने उनके परिवार को गंभीर आर्थिक और भावनात्मक संकट में डाल दिया है।

### फारस की खाड़ी में अब 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज, 485 नाविक

पश्चिमी फारस की खाड़ी में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज मौजूद हैं, जिन पर 485 भारतीय नाविक सवार हैं। जहाजरानी महानिदेशालय जहाज मालिकों, भर्ती एजेंसियों और भारतीय दूतावासों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। जहाजरानी महानिदेशालय के चौबीसों घंटे कंट्रोल रूम ने शुरू होने के बाद से अब तक 4,523 कॉल और 8,985 ईमेल संभाले हैं। पिछले 24 घंटों में 92 कॉल और 120 ईमेल प्राप्त हुए। अधिकारियों ने अब तक 942 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी में सहायता की है, जिनमें पिछले 24 घंटों में वापस लौटे चार नाविक भी शामिल हैं।

# तेलंगाना में घृणा फैलाने पर होगी 10 साल तक की सजा, विधेयक पेश

**हैदराबाद, एजेंसी**



- सरकार के घृणास्पद भाषण विधेयक में नफरत फैलाने पर सजा के कड़े प्रावधान
- कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक में पहले ही बन चुका है कानून

राज्य में कांग्रेस सरकार ने रविवार को विधानसभा में 'तेलंगाना घृणास्पद भाषण और घृणा अपराध (रोकथाम) विधेयक, 2026' पेश किया, जिसमें संबंधित अपराधों के लिए अधिकतम 10 वर्ष कारावास की सजा का प्रस्ताव है। यदि यह विधेयक पारित हो जाता है तो तेलंगाना कर्नाटक के बाद ऐसा कानून पारित करने वाला दूसरा राज्य बन जाएगा।

विधायी कार्य मंत्री डी श्रीधर बाबू ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की ओर से विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखा। विधेयक के तहत जो कोई भी घृणा फैलाने का अपराध करता है, उसे कम से कम एक वर्ष की कारावास की सजा दी जाएगी जिसे सात वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा। बार-बार अपराध करने पर एक लाख रुपये का जुर्माना और दो वर्ष से लेकर दस वर्ष तक के कारावास की सजा हो सकती है। नए विधेयक के तहत यह अपराध गैरजमानती है। विधेयक में कहा गया है, मौजूदा कानूनी ढांचा घृणास्पद भाषणों और घृणा अपराधों के बदलते स्वरूप और अभिव्यक्तियों को व्यापक रूप से संबोधित नहीं करता है, जिसके लिए ऐसे आचरण को प्रभावी ढंग से रोकने, विनियमित करने और दंडित करने के लिए समर्पित और मजबूत कानून की आवश्यकता है, साथ ही प्रभावित व्यक्तियों के लिए संरक्षण और न्याय सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

तेलंगाना मंत्रिमंडल ने 23 मार्च को इस विधेयक को मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य दंगों और संघर्षों को भड़काने वाले भाषणों पर अंकुश लगाना है। सरकार ने 'तेलंगाना प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर (पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण) अधिनियम, 2026' भी पेश किया है, जिससे राज्य के श्रमिकों को लाभ होगा। सरकार के सूत्रों ने बताया कि इस विधेयक के तहत श्रमिकों का पंजीकरण लागू किया जाएगा, साथ ही एक कल्याण बोर्ड और एक कल्याण कोष की स्थापना भी की जाएगी।

### बुजुर्ग माता-पिता की गरिमा और देखभाल की सुरक्षा के लिए पेश विधेयक हुआ पारित

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा ने 'तेलंगाना कर्मचारी दायित्व और माता-पिता की देखभाल निगरानी विधेयक, 2026' पारित कर दिया है। यह विधेयक बुजुर्ग माता-पिता के सम्मान और देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। समाज कल्याण मंत्री अड़लूरी लक्ष्मण कुमार द्वारा पेश किए गए इस विधेयक को विधानसभा अध्यक्ष की सहमति से मंजूरी दी गई। सरकार ने इसे सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अहम कदम बताया है। यह कानून कर्मचारियों के अपने माता-पिता के प्रति दायित्वों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है, और उनके स्वास्थ्य देखभाल, आवास तथा आर्थिक सहायता के लिए अनिवार्य प्रावधान करता है। इसमें नियमों के पालन की निगरानी करने और उपेक्षा के मामलों को सुलझाने के लिए तंत्र भी शामिल हैं, जिससे अधिकारियों को ज़रूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करने का अधिकार मिलता है।

# पोल खुली तो स्वयंभू विश्वगुरु विश्वफोनी नजर आए: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- व्यक्तित्व आधारित विदेश नीति का आरोप लगा मोदी सरकार को घेरा

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की शानदार सैन्य सफलता के बाद पाकिस्तान का दलाल बन जाना मोदी सरकार की विदेश नीति, कूटनीतिक सक्रियता और विमर्श प्रबंधन की भारी नाकामी को दिखाता है। विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अत्यधिक व्यक्तित्व आधारित विदेश नीति के बिखरने ने स्वयंभू विश्वगुरु की विश्वफोनी (दिखावा करने वाले) के रूप में पोल खोल दी है।

केंद्र सरकार ने 25 मार्च को पश्चिम एशिया की स्थिति पर एक सर्वदलीय बैठक में कहा था कि इस मामले में पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों में कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि उस देश का इस्तेमाल अमेरिका 1981 से ही कर रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद परिसर में आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों से कहा था, हम दलाल राष्ट्र नहीं हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को एक्स पर पाकिस्तान के संदर्भ में लिखा, यह एक ऐसा देश है, जहां लोकतंत्र एक मजाक बनकर रह गया है। यह एक ऐसा देश है, जिसकी अर्थव्यवस्था बदहाल है और जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), चीन और सऊदी अरब जैसे कुछ अन्य दाताओं से मिली जीवनरेखा पर निर्भर है। यह एक ऐसा देश है, जिसे दशकों से ऐसे आतंकवादियों के पनाहगाह के रूप में जाना जाता रहा है, जो न केवल अपने पड़ोसियों पर बल्कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हमले करते हैं।

### जयराम रमेश ने कहा- ये विदेश नीति की नाकामी

जयराम रमेश ने कहा, पाकिस्तान ऐसा देश है, जिसके साथ अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति क्लिंटन, बुश, ओबामा और बाइडन ने बहुत सख्त व्यवहार किया था। नवंबर 2008 में मुंबई में आतंकवादी हमले के बाद अलग-थलग पड़ जाने के बावजूद पाकिस्तान को अब एक नई स्वीकृति मिल गई है। कांग्रेस नेता ने कहा, जयशंकर के शब्दों में, पाकिस्तान का दलाल बन जाना ऑपरेशन सिंदूर में भारत की शानदार सैन्य सफलता के बाद मोदी सरकार की विदेश नीति, कूटनीतिक सक्रियता और विमर्श प्रबंधन की भारी नाकामी को दिखाता है।

### पुणे में 26.8 करोड़ का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त

**पुणे।** पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने मंदारिन संतरे की थैली (संतरे का गूदा) लेबल वाले पेटियों से 26.8 करोड़ रुपये मूल्य का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया। यह जब्ती 26 मार्च को थाईलैंड के बैंकॉक से आई एक खेप के बाद की गई। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, चीनी मूल के खाद्य पदार्थों की एक आयातित खेप हवाई मालवाहक विभाग को प्राप्त हुई।

# बिना अतिरिक्त शुल्क 60% सीटें 20 अप्रैल से

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विमानन कंपनियों के विरोध के बीच डीजीसीए ने जारी किया आदेश

विमानन कंपनियां 20 अप्रैल से सभी उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराएंगी और साथ ही पारदर्शी सीट आवंटन नीति लागू करेंगी। विमानन कंपनियों के विरोध के बावजूद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय ने 18 मार्च को घोषणा की थी कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि विमानन कंपनियों को किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीट मुफ्त चयन के लिये आवंटित करने का निर्देश दें, ताकि यात्रियों को न्यायसंगत सुविधा मिल सके। इस संबंध में डीजीसीए ने 20 मार्च को संशोधित हवाई परिवहन परिपत्र जारी किया। डीजीसीए के एक अधिकारी ने बताया कि यह परिपत्र 20 अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। परिपत्र के अनुसार, विमानन कंपनियों को अपनी सीट आवंटन नीतियों को पारदर्शी रखना चाहिए और अपनी बुकिंग वेबसाइट या एप पर शुल्क रहित सीटों की उपलब्धता और लागू शर्तों की स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए।

एक अधिकारी ने बताया कि विमानन कंपनियां नई निर्देशावली को लागू करने की तैयारी कर रही हैं। वर्तमान में केवल 20 प्रतिशत सीट ही शुल्क रहित बुक की जा सकती हैं, बाकी के लिए शुल्क देना पड़ता है। आमतौर पर सीट चुनने के लिए विमानन कंपनियां 200 से 2,100 रुपये तक चार्ज करती हैं, जो आगे की पंक्ति की सीट या अतिरिक्त पांव फैलाने की जगह जैसी सुविधाओं पर निर्भर करता है। परिपत्र में यह भी कहा गया है कि खेल उपकरण या संगीत वाद्य यंत्र जैसी वैकल्पिक सेवाओं के लिए सभी प्रासंगिक शुल्क, और किसी भी नुकसान की स्थिति में जिम्मेदारी की शर्तें, विमान कंपनियों की वेबसाइट और बुकिंग मंच पर स्पष्ट और पारदर्शी रूप से दिखाई जाएं। डीजीसीए ने कहा कि यह परिपत्र जारी होने की तारीख से 30 दिन बाद प्रभावी होगा।

### तृणमूल कार्यालय में कैरम खेलने के आरोप में तीन जवान निलंबित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के सूरी स्थित तृणमूल कांग्रेस कार्यालय के अंदर कथित तौर पर कैरम खेलते हुए वायरल एक वीडियो के बाद निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के तीन कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

- निर्वाचन आयोग ने की कार्रवाई, तीनों को चुनाव ड्यूटी से भी हटाया

एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामले में विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। फिलहाल इन तीनों कर्मियों को चुनाव ड्यूटी से हटा दिया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। वीडियो रिकॉर्डिंग की प्रामाणिकता की गहन जांच की जा रही है। यह अनुशासनात्मक कार्रवाई शनिवार को वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर की गई है, जिसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल का एक कर्मी सूरी स्थित तृणमूल कांग्रेस कार्यालय के अंदर तीन स्थानीय युवकों के साथ कैरम खेलते हुए, एक अन्य कर्मचारी खड़ा और तीसरा कुर्सी पर बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि, वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

### ओडिशा: बंगाली अभिनेता राहुल बनर्जी की समुद्र में डूबने से मौत

**कोलकाता।** लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी की रविवार को ओडिशा के तलसरी समुद्र तट पर डूबने से मौत हो गई। वह 43 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी प्रियंका सरकार और 13 साल का बेटा है।

बनर्जी के सह कलाकार दिगंता बागची ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा के पास स्थित इस समुद्र तट पर 'भोले बाबा पार करेगा' नामक एक बंगाली धारावाहिक की शूटिंग के लिए गए थे। शूटिंग के बाद वह अकेले पानी में गए, लेकिन किसी तरह पानी के नीचे किसी चीज में उलझ गए, हालांकि सटीक परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हैं। उन्होने बताया कि अचानक क्रू सदस्य समेत अन्य लोग चिल्लाने लगे कि राहुल डूब रहे हैं। हम उन्हें पानी से बाहर निकालकर दीघा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### अदालत ने खरात की पुलिस हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ाई

**नासिक।** महाराष्ट्र में नासिक की एक अदालत ने बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार स्वयंभू बाबा अशोक खरात की पुलिस हिरासत रविवार को एक अप्रैल तक बढ़ा दी। खरात को 18 मार्च को उस वक्त गिरफ्तार किया गया था, जब एक महिला ने उनपर तीन साल से अधिक समय तक बार-बार बलात्कार करने का आरोप लगाया। खरात नासिक जिले के मिरगांव में एक मंदिर ट्रस्ट का प्रमुख है और वर्षों से उससे महाराष्ट्र के कई प्रमुख राजनेता मिलते रहे हैं।

### लोकसभा में नक्सल समस्या को समाप्त करने के प्रयासों पर आज होगी चर्चा


**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त करने के प्रयासों पर चर्चा होगी। इसके अगले दिन 31 मार्च को नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सरकार की ओर से दी गई की समय सीमा समाप्त हो रही है।

लोकसभा सचिवालय ने देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के प्रयासों'' पर नियम 193 के तहत सोमवार को चर्चा सूचीबद्ध की है, जिसके अंतर्गत मतविभाजन नहीं होता है। इस नियम के तहत अल्पकालिक चर्चा के लिए सरकार को जवाब देना आवश्यक है। इस चर्चा की शुरुआत तेदेपा सांसद बायरेड्डी शबरी और शिवसेना सदस्य श्रीकांत शिंदे करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि नक्सलवाद का खतरा 31 मार्च, 2026 तक पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा।

नक्सली हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों की एक नई समीक्षा के बाद देश में नक्सली उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या आठ से घटकर सात हो गई है। हाल में केंद्र सरकार द्वारा नौ राज्यों (जिनमें 38 जिले शामिल हैं) के साथ मिलकर एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना की व्यापक समीक्षा की गई।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



# केरल: मोदी ने उठाए कांग्रेस नेताओं पर यौन उत्पीड़न के मुद्दे, कहा- सतर्क रहें महिलाएं

## पलक्कड़ में राजग के उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित

**पलक्कड़, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पलक्कड़ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जिले के तत्कालीन कांग्रेस नेताओं से जुड़े यौन उत्पीड़न के आरोपों का जिक्र किया। दो घटनाओं का संदर्भ देते हुए मोदी ने महिलाओं से सतर्क रहने की अपील की।

प्रधानमंत्री मुख्य रूप से केरल में पार्टी की मुखर महिला नेता शोभा सुरेंद्रन के लिए प्रचार कर रहे थे, जो पलक्कड़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। पलक्कड़ निर्वाचन क्षेत्र के मौजूदा विधायक राहुल ममकुटाथिल ने 2024 में कांग्रेस के टिकट पर उपचुनाव में सीट जीत हासिल की थी और उनपर यौन उत्पीड़न का आरोप लगने पर उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। पलक्कड़ जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को 24वें डिवीजन के पार्षद प्रशोब सी वलसन को भी यौन उत्पीड़न की घटना की रिपोर्ट सामने आने के बाद निष्कासित कर दिया। मोदी ने अपने भाषण में इन दोनों मामलों का जिक्र किया।

उन्होंने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति चुने जाने का जिक्र करते हुए कहा कि राजग ने एक साधारण परिवार की बेटी को देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचाया है। मोदी ने कहा कि वहीं दूसरी ओर, पलक्कड़ में कांग्रेस के अपने नेता ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कल ही कांग्रेस को एक महिला के शोषण के गंभीर आरोपों के बाद अपने एक और नेता को निष्कासित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। यही इन दलों की सच्चाई है और केरल की महिलाओं को इसके प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। इसी बीच, ममकुटाथिल ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को महिलाओं की सुरक्षा के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। पलक्कड़ विधायक ममकुटाथिल ने एक फेसबुक पोस्ट में पूर्व सांसद बृज भूषण पर महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए उत्पीड़न के आरोप सहित भाजपा और राजग नेताओं के खिलाफ विभिन्न मामलों का जिक्र किया।

# असम के लिए कांग्रेस की पांच गारंटी

**नाओबोइचा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को चुनावी राज्य असम के लिए अपनी पार्टी की पांच गारंटी की घोषणा की। इनमें महिला कल्याण, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, भूमि अधिकार और जुबिन गर्ग मृत्यु मामले में न्याय पर जोर दिया गया है।

खरगे ने राज्य में भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर भी निशाना साधते हुए उस पर व्यापक भ्रष्टाचार में लिप्त होने और अपने नेताओं और उनके परिवारों की तिजोरियां भरने के लिए काम करने का आरोप लगाया। लखीमपुर जिले के नाओबोइचा में एक रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के परिवार के सदस्य भी इसमें शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया, असम में सिर्फ एक परिवार के पास 12,000 बीघा जमीन है। जमीन अदाणी और रामदेव को दी गई। सरकारी जमीन की लूट हो रही है।



**ये हैं पांच गारंटी**

- महिलाओं को मासिक नकद अंतरण के साथ व्यवसाय स्थापित करने या उसका विस्तार करने महिलाओं को 50,000 रुपये की अतिरिक्त मदद।
- कांग्रेस ने वादा किया कि ये नकद का अंतरण बिना शर्त होगा। यह वैसा नहीं होगा जैसा भाजपा सरकार कर रही है, जहां महिलाओं को उनकी पार्टी का सदस्य बनने के लिए कहा जाता है।
- सभी परिवारों के लिए 25 लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना, 10 लाख आदिवासी लोगों के लिए स्थायी भूमि पट्टे, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,250 रुपये प्रति माह।
- बुजुर्गों से संबंधित मामलों की देखरेख के लिए विशेष विभाग भी स्थापित किया जाएगा। गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में 100 दिनों में न्याय सुनिश्चित करने का संकल्प।

### पश्चिम बंगाल में कांग्रेस ने जारी की 284 उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 284 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। कांग्रेस ने पार्टी की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर और तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मौसम नूर को मालतीपुर से मैदान में उतारा है। कांग्रेस राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में अकेले लड़ रही है और उसने पहली ही सूची में 284 उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के दौरान पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची पर विस्तृत विचार-विमर्श करने के एक दिन बाद हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और पश्चिम बंगाल के नेताओं ने बैठक में हिस्सा लिया था।

### द्रमुक महिलाओं के लिए 8,000 रुपये का इल्लैरसी कूपन योजना शुरू करेगी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने रविवार को 23 अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं को घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने/बदलने के लिए 8,000 रुपये मूल्य की इल्लैरसी कूपन योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। स्टालिन ने द्रमुक के सत्ता में लौटने पर शिक्षा, उद्योग और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई कल्याणकारी योजनायें लागू करने का वादा किया। उन्होंने द्रमुक के चुनावी वादों को सुपरस्टार करार दिया। कहा कि महिलाओं के लिए जारी किए गए कूपन का इस्तेमाल टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, मिक्सर, माइक्रोवेव ओवन, इंडक्शन स्टोव जैसे घरेलू उपकरण खरीदने या उन्हें बदलने के लिए किया जा सकता है। इस योजना के तहत, उन परिवारों की महिलाओं को, जो आयकर के दायरे में नहीं आती हैं, उनके निवास स्थान के आसपास की दुकानों से इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए 8,000 रुपये का एकमुश्त कूपन प्रदान किया जाएगा। तमिल में इल्लैरसी का शाब्दिक अर्थ घर की रानी होता है।

### पुराने कृत्यों के लिए शाह के खिलाफ होना चाहिए आरोपपत्र : ममता

**पुरुलिया।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक आरोपपत्र जारी किए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके पुराने कृत्यों के लिए आरोपपत्र'' दाखिल होना चाहिए। ममताबनर्जी ने यह भी दावा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो वह महिलाओं के लिए शुरू की गई लक्ष्मीर भंडार योजना बंद कर देगी।

एक दिन पहले तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक आरोपपत्र जारी करते हुए शाह ने सत्तारूढ़ पार्टी की अध्यक्ष पर हमेशा पीड़ित कार्ड की राजनीति करने का आरोप लगाया था। ममता ने 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें पैर में लगी चोट के संबंध में शाह की टिप्पणी पर भी कड़ा एतराज जताया। पुरुलिया जिले के मानबाजार में चुनाव प्रचार के दौरान कहा, वे कह रहे हैं कि मैं चुनाव के दौरान पट्टी बांधकर घूमती हूं। मैं कई बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं। जाकर डॉक्टर की रिपोर्ट देख लीजिए। उन्होंने हमला करते हुए कहा, जब गुजरातियों को कमर में रस्सी बांधकर अमेरिका से वापस भेजा जा रहा था, तब आप कहां थे। उन्होंने कहा, भाजपा शासित राज्यों में मछली नहीं खाई जाती। अगर भाजपा सत्ता में आती है तो लोग मछली, मांस नहीं खा पाएंगे।



### पश्चिम बंगाल के 18 जिलों में 83 बीडीओ और एआरओ के तबादले

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल के 18 जिलों में 83 ब्लॉक विकास अधिकारियों (बीडीओ) और सहायक चुनाव अधिकारियों (एआरओ) का तबादला कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, इस व्यापक फेरबदल में कूच बिहार के दिनहाटा-दो से लेकर दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर-एक और दो तक के ब्लॉक शामिल हैं।

